BCCI BULLETIN
Vol. 52 | SEPTEMBER - OCTOBER 2021 | No. 6
BIHAR CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES
Estd. 1926

# बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का 94वाँ वार्षिक आमसभा एवं समारोह सम्पन्न

- व्यवसायियों के सहयोग के बिना आर्थिक विकास सम्भव नहीं – माननीय उप मुख्यमंत्री
- राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान दिनों में नहीं बल्कि घंटों में होगा – माननीय उद्योग मंत्री
- बैंकों का रवैया बिहार के प्रति पक्षपातपूर्ण – चैम्बर अध्यक्ष



दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक समारोह का उद्घाटन करते माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन। बाँयी ओर चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल और दाँयी ओर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर तथा मुकेश कुमार जैन एवं पीछे श्री आशीष शंकर।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज (BCCI) का 94वाँ वार्षिक समारोह चैम्बर सभागार में दिनांक 25 सितम्बर, 2021 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद उद्घाटनकर्त्ता एवं माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

अपने स्वागत सम्बोधन में चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने कहा मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी एवं माननीय उद्योग मंत्री जी का विशेष रूप से आभारी हूँ जिन्होंने अति व्यस्तता के बावजूद बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के वार्षिक समारोह में पधार कर हम व्यवसायियों का उत्साहवर्धन किया है और आपको अपने बीच पाकर राज्य के उद्यमी एवं व्यापारी प्रफुल्लित हैं।

माननीय उप मुख्यमंत्री जी, हम सभी व्यवसायियों के लिए हर्ष की बात है कि आप स्वयं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हैं और आपको इसका काफी लम्बा अनुभव भी है, उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं से पूर्णरूपेण अवगत भी हैं इसलिए हम सभी व्यवसायीगण आश्वस्त हैं कि उद्योग एवं व्यापार की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए आप हर सम्भव प्रयास करेंगे ।

माननीय उद्योग मंत्री जी, राज्य का उद्योग विभाग आपके हाथ में आने से राज्य के उद्यमियों में एक नयी उर्जा का संचरण हुआ है और वे भली प्रकार जानते हैं कि आपने कई मंत्रालयों का उत्तरदायित्व निभाया है और आपके पास कार्य करने का लम्बा अनुभव भी है जिसका लाभ बिहार को अवश्य मिलेगा। राज्य में अधिकाधिक उद्योग लगे, इसके लिए आप काफी प्रयत्नशील हैं जिसकी जानकारी हमें समाचार-पत्रों के माध्यम से होते रहती है। इसी सम्बन्ध में उल्लेख करना चाहूँगा कि माननीय उद्योग मंत्री ने दिनांक 24.09.2021 को पटना सिटी के चार कलस्टरों हेतु 40 करोड़ रूपये की घोषणा की है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में उत्पादित सामग्रियों एवं सेवाओं का सरकार के साथ-साथ सरकार के उपक्रम, सरकार द्वारा गठित एजेंसी सबसे बड़े खरीदार होते हैं। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें प्रतिस्पर्द्धा में सक्षम बनाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर सामग्री खरीद अधिमानता नीति बनायी जाती रही है। लेकिन स्थानीय इकाईयों को सरकार द्वारा घोषित सामग्री खरीद अधिमानता नीति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा देखा जाता है कि विभिन्न विभागों द्वारा स्थानीय उद्योगों को रोकने के लिए निविदा में Experience and Turnover की शर्तें लगा दी जाती है जिससे स्थानीय उद्योग वंचित रह जाते हैं। अत: यदि किसी विभाग द्वारा खरीद नीति का पालन नहीं किया जाता है तो दण्ड का प्रावधान किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकों का रवैया भी बिहार के प्रति पक्षपातपूर्ण है। इसे रोकने के लिए यह जरूरी है कि Public Sector Bank का एक मुख्यालय राज्य में हो जबकि बैंकों के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में राज्य का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

राज्यों में बिजली दरों में समानता नहीं होने के फलस्वरूप उद्यमियों द्वारा उत्पादित एक ही प्रकार की वस्तुओं की लागत में भिन्नता आ जाती है। अत: राज्य में कार्यरत उद्योगों को राहत पहुँचाने एवं नये निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बिजली की दरों को पड़ोसी राज्यों के समतुल्य किया जाना चाहिए या राज्य में कार्यरत औद्योगिक इकाईयों को प्रति यूनिट कम से कम 2/- रूपये की

( शेष पृष्ठ 2 पर )



## अध्यक्ष की कलम से.....

प्रिय बन्धुओं

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का 94वाँ वार्षिक आम सभा एवं समारोह दिनांक 25 सितम्बर, 2021 को सम्पन्न हुआ। वार्षिक समारोह का उद्घाटन माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। **माननीय उप मुख्यमंत्री जी एवं माननीय उद्योग मंत्री जी ने इस अवसर पर उद्यमियों एवं व्यापारियों को जो आश्वासन दिये हैं, उससे व्यवसायियों को विश्वास है कि बिहार का आर्थिक एवं औद्योगिक विकास अवश्यम्भावी है।** इस अवसर पर पधारे सदस्यों के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ कि जिन्होंने उपस्थित होकर वार्षिक समारोह को भव्यता प्रदान की।

माननीय पथ निर्माण मंत्री, बिहार श्री नितिन नवीन जी दिनांक 7 अक्टूबर, 2021 को चैम्बर में कृपापूर्वक पधारे। **सदस्यों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना एवं उन समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। उन्होंने पथ निर्माण की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा भी की।**

पूर्व मध्य रेलवे के महा प्रबन्धक श्री अनुपम शर्मा के साथ चैम्बर की बैठक दिनांक 4 सितम्बर, 2021 को हुई। **महाप्रबन्धक ने कहा कि चैम्बर के ज्ञापन पर मेरा प्रयास होगा कि उसका सकारात्मक हल निकालें। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि ज्ञापन के जो मुद्दे उनके स्तर के नहीं होंगे उसके लिए रेलवे मंत्रलय एवं बोर्ड को अनुशंसा करेंगे।**

चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल दिनांक 7 सितम्बर, 2021 को मेरे नेतृत्व में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद से मिला। **बैठक का मुख्य उद्देश्य GST से संबंधित विभिन्न विन्दुओं पर उनका ध्यान आकृष्ट करना था ताकि GST Council की आगामी बैठक में उन विन्दुओं का समाधान निकाला जा सके।** प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री आलोक पोद्दार, श्री सुनील सराफ, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय एवं श्री अजय गुप्ता शामिल थे।

भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक श्री सुरेन्द्र राणा के आमंत्रण पर **स्टेट बैंक से संबंधित विषयों पर चर्चा हेतु** दिनांक 15 सितम्बर, 2021 को चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल मेरे नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। बैठक में स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक के अतिरिक्त (नेटवर्क - II) श्री मृगनक जैन, उप महा प्रबन्धाक श्री रंजन कुमार नायक, उप महाप्रबन्धक (SME) श्री सत्य प्रकाश, सहायक महाप्रबन्धक श्री सुनील कुमार तथा श्री विश्वजीत और चैम्बर की ओर से मेरे अलावे उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी, पूर्व महामंत्री श्री संजय कुमार खेमका एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय भरतिया सम्मिलित हुए। बैठक उपयोगी रही।

माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित मंत्री बिहार, श्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में दिनांक 16 सितम्बर, 2021 को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की वित्तीय समावेशन एवं साक्षरता पर विशेष (77वीं) बैठक एवं 78वीं त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी सम्मिलित हुए।

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स का **''स्थापना समारोह''** दिनांक 3 अक्टूबर, 2021 को आयोजित हुआ। उक्त समारोह में विशेष आमंत्रण पर बिहार चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री मुकेश जैन, पूर्व महामंत्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय गुप्ता एवं श्री ए० एम० अंसारी सम्मिलित हुए। समारोह से वापसी के क्रम में चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल निर्मली चैम्बर ऑफ कॉमर्स भी गया।

बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा **''इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर''** का उद्घाटन समारोह पटना के ज्ञान भवन में दिनांक 8 अक्टूबर, 2021 को हआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन, सम्मानित अतिथि में माननीय सांसद (लोक सभा) श्रीमती रमा देवी एवं पटना की माननीया महापौर श्रीमती सीता साहू और विशेष अतिथि के रूप में मैं शामिल था।

**प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत नेशनल मास्टर प्लान का शुभारम्भ** का सीधा प्रसारण उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा पटना के अधिवेशन भवन में दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 को किया गया। उद्योग विभाग के द्वारा इस अवसर पर चैम्बर की ओर से एक कार्यशाला आयोजित की गयी थी। **माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने कार्यशाला का उद्घाटन किया एवं प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।** इस अवसर पर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी, पूर्व महामंत्री श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय एवं श्री ए० के० पी० सिन्हा, श्री आशीष प्रसाद एवं अन्य उपस्थित थे।

वन्धुओं, हमारे लिए खुशी की बात है कि भारत में 100 करोड़ लोगों का कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण हो चुका है। फिर भी कोरोना के गाइड लाइन्स का पालन करना ही अभी आवश्यक होगा, अत: सामाजिक दूरी का पालन करें एवं मास्क का उपयोग अवश्य करें।

आप सभी वन्धुओं को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

सादर,

आपका

**पी० के० अग्रवाल**




**माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल**



**माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद को शॉल भेंटकर सम्मानित करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल**



माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल



माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन को शॉल भेंटकर सम्मानित करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल




स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।




व्यवसायियों की समस्याओं को बताते नार्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, कटिहार के श्री अनिल चमड़िया।




व्यवसायियों की समस्याओं को बताते सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह 'पप्पू'




चैम्बर द्वारा महिलाओं के लिए संचालित कौशल विकास केन्द्र की जानकारी देते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन




मंचासीन (बाँयें से दाँये) चैम्बर कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, बीआईए अध्यक्ष श्री रामलाल खेतान, चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन, चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं पूर्व मंत्री, बिहार श्री मंजर आलम।



शॉल भेंटकर माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद को सम्मानित करते वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स, हाजीपुर के अध्यक्ष श्री अनिल चन्द कुशवाहा।



माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन को शॉल भेंटकर सम्मानित करते वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स, हाजीपुर के अध्यक्ष श्री अनिल चन्द कुशवाहा।




व्यवसायियों को समस्याओं को बताते वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स, हाजीपुर के अध्यक्ष श्री अनिल चन्द कुशवाहा।




वार्षिक समारोह को संबोधित करते माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद



वार्षिक समारोह को संबोधित करते माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन

सब्सीडी देनी चाहिए। यह भी अनुरोध है कि सरकार की ओर से बिजली दरों में समानता हेतु ''एक राष्ट्र-एक दर'' (One Nation One Electricity Tariff ) की नीति लागू करने हेतु पहल की जानी चाहिए।

पाटलीपुत्र औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई गतिविधियों के संचालन की अनुमति मिलनी चाहिए।

चैम्बर अध्यक्ष ने राज्य में भूजल ऑथरिटी बनाये जाने की आवश्यकता जताई। उद्यमियों को Central Ground Water Board के नियमों का पालन करना होता है जिससे उद्यमियों को परेशानी होती है जिसके सम्बन्ध में कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट किया।

चैम्बर अध्यक्ष ने अन्य जिन बिन्दुओं पर माननीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया वो हैं - सभी वाहनों के परिचालन की अनुमति, प्लास्टिक/थर्मोकोल के प्रतिबन्ध की सीमा बढ़ाने, नगर निगम द्वारा कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त शुल्क न लिये जाने के सम्बन्ध में, बिहार के 21 जिलों को आयकर में मिलने वाले प्रोत्साहन की अंतिम तिथि जो 31.03.2020 थी उसे पॉच साल और बढ़ाने की अनुशंसा केन्द्र सरकार से करने, बिहार में खाद्य प्रसंस्करण एवं दवा के Testing Lab की व्यवस्था प्रत्येक जिले में कराये जाने, सभी इण्डस्ट्रीयल एरिया/इस्टेट में पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति प्रारम्भ कराने के सम्बन्ध में।

अपने उद्बोधन में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि मैं व्यावसायिक क्षेत्र की समस्याओं को बेहतर तरीके से जानता हूँ चूंकि, मैं प्रारम्भ से ही व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़ा हूँ। इसलिए आपकी समस्याओं को बेहतर तरीके से जानता हूँ। उन्होने आगे कहा कि जब तक राज्य में उद्योग-धंधे स्थापित नहीं होंगे, तब तक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं होंगे। सूबे के उद्योगपतियों एवं कारोबारियों के सहयोग के बिना राज्य का आर्थिक विकास सम्भव नहीं है। अतः राज्य के उद्यमियों एवं व्यापारियों के सहयोग से एक विकसित राज्य बनाने का प्रयास करें जिससे अधिकाधिक रोजगार सृजन हो। उन्होंने घोषणा की कि वे स्वयं वित्त वाणिज्य-कर, नगर विकास एवं आवास विभाग के पदाधिकारियों के साथ 6 अक्टूबर, 2021 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स में आयेंगे और उद्योग एवं व्यवसाय की व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि बहुत जल्द बिहार के लिए टेक्सटाइल पॉलिसी लायी जायेगी। आप बिहार में उद्योग लगाने हेतु आगे आयें। आपकी जो भी समस्या होगी उसका समाधान दिनों नहीं बल्कि घंटों में होगा। इथेनॉल की पॉलिसी 100 प्रतिशत सफल रही। पूरे देश से जितने प्रस्ताव आये, उससे अधिक अकेले बिहार से आये हैं। इसे सफल बनाने में बिहार के उद्योगपतियों का बड़ा हाथ है। बिहार में उद्योग के लिए बेहतर माहौल बना है।

उद्योग मंत्री जी ने चैम्बर से अनुरोध किया कि माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद जी के एक साल के कार्यकाल पर एक कार्यक्रम रखें जिसमें वे भी आयेंगे और उस समय बिहार की स्थिति पर विचार-विमर्श करेंगे।

समारोह में नार्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, कटिहार के श्री अनिल चमड़िया, सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री




चैम्बर के कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षित महिलाएं अपने प्रमाण-पत्रों के साथ। मंचासीन बाँये से क्रमश: बीआइए के अध्यक्ष श्री राम लाल खेतान, चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन,उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, पूर्व मंत्री बिहार सरकार की मंजर आलम एवं दाँयी ओर अंत में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।



सभागार में उपस्थित सम्मानित अतिथिगण एवं सदस्यगण



सभागार में उपस्थित सम्मानित अतिथिगण एवं सदस्यगण

धर्मेन्द्र सिंह 'पप्पू' एवं वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स, हाजीपुर के अध्यक्ष श्री अनिल चन्द्र कुशवाहा ने उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं को माननीय उप मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री के समक्ष रखा।

इस अवसर पर कोरोना संक्रमण की विषम परिस्थिति में चैम्बर के आह्वान पर पहल कर 'मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार' में बहुमूल्य योगदान हेतु चैम्बर द्वारा आभार व्यक्त करते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार एवं माननीय उद्योग मंत्री द्वारा श्री एस० के० अग्रवाल, निदेशक, स्पीड क्राफ्ट्स इन्फ्राटेक प्रा० लि०, पटना, श्री एस० के० पटवारी, निदेशक, पटवारी स्टील्स प्रा० लि०, पटना एवं श्री संजय कुमार खेमका, निदेशक, पाइनेक्स स्टील इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, पटना को चैम्बर का सम्मान वाला मेमेन्टों देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन ने चैम्बर द्वारा महिलाओं के लिए नि:शुल्क संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र की गतिविधियों के बारे में माननीय उप मुख्यमंत्री एवं माननीय उद्योग मंत्री, को अवगत कराते हुए कहा कि चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल के द्वारा दिनांक 8 फरवरी, 2014 को चैम्बर प्रांगण में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया था। इस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, उनमें कौशल एवं हुनर में वृद्धि कर महिलाओं को स्वावलम्बी बनाना तथा उनको आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है।

श्री जैन ने बताया कि प्रथम चरण में सिलाई-कटाई के प्रशिक्षण में 12 तरह की सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है।

उसके बाद 14 अप्रैल, 2021 को माननीय केन्द्रीय कौशल विकास, उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री राजीव प्रताप रूड़ी के कर कमलों कम्प्यूटर प्रशिक्षण कक्ष का उद्घाटन किया गया।

दिनांक 02 फरवरी, 2019 को महामहिम राज्यपाल, बिहार श्री लालजी टंडन, महामहिम राज्यपाल, सिक्किम श्री गंगा प्रसाद एवं माननीय श्रम संसाधन मंत्री बिहार श्री विजय कुमार सिन्हा के कर कमलों द्वारा महिलाओं के लिए ब्युटीशियन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। सावन माह में महिलाओं को मेंहदी लगाने का प्रशिक्षण भी दिया गया है।

श्री जैन ने बताया कि चैम्बर के कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र से शुरू से अभी तक सिलाई में 1578, कम्प्युटर में 713, मेंहदी में 502, क्वील्ट बैग में 60 एवं ब्युटीशियन में 92 महिलाओं (कुल 2945) ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन करते हुए आगामी माह के प्रथम सप्ताह से कम्प्युटर में टैली प्रशिक्षण भी प्रारम्भ किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षित महिलाओं को माननीय उप मुख्यमंत्री एवं माननीय उद्योग मंत्री के कर-कमलों द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

समारोह के दौरान पूर्व मंत्री, बिहार सरकार श्री मंजर आलम, चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, श्री ए० के० पी० सिन्हा, श्री गणेश कुमार खेतड़ीवाल, श्री पी० के० सिंह, श्री उत्पल सेन, श्री आशीष शंकर, श्री पवन कुमार भगत, श्री राजेश कुमार अग्रवाल (मखारिया) श्री रामाशंकर प्रसाद, श्रीमती सुषमा साहू, बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री राम लाल खेतान, श्री के० पी० एस० केशरी, श्री अरूण अग्रवाल, श्री पशुपति नाथ पाण्डेय, सहित चैम्बर के सदस्य एवं कई चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा प्रिन्ट इलेक्ट्रोनिक मीडिया बन्धु उपस्थित थे।

समारोह के दौरान चैम्बर अध्यक्ष ने माननीय उप मुख्यमंत्री एवं माननीय उद्योग मंत्री को शॉल भेंट कर सम्मानित किया एवं चैम्बर का मेमेंटो एवं कॉफी टेबुल बुक भी भेंट किया।

मंच का संचालन श्री आशीष शंकर ने किया। चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के बाद समारोह सम्पन्न हुआ।

इसके पूर्व पूर्वाह्न में चैम्बर की 94वाँ आम सभा हुई जिसमें माल एवं सेवा कर (GST), बिजली, उद्योग, रेलवे एवं ट्रासंपोर्ट, श्रम, पर्यटन, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना का अधिकार से सम्बन्धित प्रस्ताव भी पारित किये गये।




आमसभा की अध्यक्षता करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बाँयी ओर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं सह-सचिव श्री सुरेश राम। दाँयी ओर कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल एवं महामंत्री श्री अमित मुखर्जी।



आम सभा में उपस्थित चैम्बर के सदस्यगण

## माननीय पथ निर्माण मंत्री ने सुनी उद्यमियों एवं व्यवसायियों की समस्याएँ

**• अगले साल जून से गाँधी सेतु का दूसरा लेन खुलेगा • इसी माह पेश होगी ब्रिज मेटिनेंस पॉलिसी – माननीय पथ निर्माण मंत्री**
**• अच्छी सड़कें राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का अहम हिस्सा – चैम्बर अध्यक्ष**




माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन।




माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को शॉल भेंटकर सम्मानित करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।




सदस्यों को संबोधित करते माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन। उनकी दाँयीं ओर क्रमशः चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, बीआईए के पूर्व अध्यक्ष श्री राम लाल खेतान एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सब कमीटी के संयोजक श्री ए. के. पी. सिन्हा। बाँयीं ओर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं महामंत्री श्री अमित मुखर्जी।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में चैम्बर सदस्यों की माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन के साथ दिनांक 07-10-2021 को एक बैठक हुई जिसमें राज्य के उद्यमियों एवं व्यवसायियों की ओर से कई सुझाव दिए गए।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अगवाल ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी राज्य की जीवन रेखा मानी जाती है। यह एक ओर राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है तो वहीं सामाजिक विकास का भी एक अहम हिस्सा है। राजमार्गों के समुचित विकास से यातायात की गति तेज होगी और निजी क्षेत्र के लिए अवसर बढ़ेंगे। राज्य के विभिन्न शहरों के बीच तय किये जाने वाले समय में भी काफी कमी आएगी। उद्योग एवं व्यापार के विकास




**माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को चैम्बर का मेमेन्टो भेंटकर सम्मानित करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन।**




**माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक भेंट करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन।**

को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के अवसर में वृद्धि होगी। ग्रामीण इलाकों से उपज की बेहतर परिवहन व्यवस्था के कारण किसानों के लिए आर्थिक सम्पन्नता और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और फल, सब्जी एवं अनाज की उपज प्रचुर मात्र में होती है परन्तु अच्छी सड़कों व भंडारण की कमी के कारण काफी मात्रा में फल एवं सब्जी खराब हो जाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक की सड़कें पूर्णरूपेण दुरूस्त रहें ताकि सहजता से किसान एवं व्यवसायी अपनी उपज एवं सामानों को बाजार तक पहुँचा सकें ।

चैम्बर के इन्फ्रास्ट्रकचर सब कमिटी के संयोजकश्री ए० के० पी० सिन्हा ने सड़क एवं पुल से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन माननीय पथ निर्माण मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें निम्नांकित सुझाव प्रमुख थे :-

- बिहार के लिए सड़क एवं पुल से संबंधित घोषित बड़ी परियोजनाओं में अभी लम्बा समय लगेगा अत: तत्काल राजेन्द्र सेतु रेल-सह-सड़क पुल के रोड डेक का मरम्मत कर खाली मालवाहक वाहनों एवं बसों के लिए राजेन्द्र सेतु को खोला जाना चाहिए, हाजीपुर और छपरा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के फोर लेनिंग का कार्य कुछ तकनीकी कारणों से पूरा नहीं हो सका है, इसे पूरा किया जाना चाहिए, गंगा नदी पर मुंगेर-खगड़िया रेल-सह-सड़क पुल का रोड डेक एवं एप्रोच रोड को पूरा किया जाए।
- गाँधी सेतु से हाजीपुर एवं उससे आगे छपरा एवं वैशाली जाने वाली सड़क से अतिक्रमण को हटाकर चौड़ीकरण करने की आवश्यकता है। गाँधी सेतु के बगल में बनने वाले 4 लेन पुल का कार्य समय से पूरा कराया जाना चाहिए। बिहार सरकार की ओर से गंगा नदी के उपर बनने वाले 6 लेन पुल के निर्माण कार्य की गति धीमी हो गयी है उसमें तेजी लाकर समय से पूरा कराया जाना चाहिए।
- पटना-गया-डोभी, आरा-मोहनिया, नारायणपुर-पूर्णियाँ, रजौली-बख्तियारपुर, पटना-बक्सर, मोकामा-बख्तियारपुर, सिमरिया-खगड़िया, दरभंगा-जयनगर रक्सौल सड़क में चल रहे 4 लेन पथों को शीघ्र पूरा कराया जाना चाहिए ।
- बक्सर से गाजीपुर एवं मुंगेर से खगड़िया के बीच गंगा नदी पर बन रहे नये पुल के बचे कार्यों को यथाशीघ्र पूरा कराकर इसे चालू कराया जाना चाहिए ।
- पटना शहर का Planned विस्तारित करने के लिए जहानाबाद तक चार नये सड़कों का निर्माण किया जाना चाहिए। इससे शहर को सही तरीके से व्यवस्थित रूप में बढ़ने का अवसर मिलेगा ।
- राज्य में पुलों के रख-रखाव हेतु राज्य सरकार की ओर से शीघ्र पुल रख-रखाव नीति बनायी जानी चाहिए ।
- पहाड़ी पर पहले ही यातायात का काफी दबाव था। बैरिया में बस स्टैण्ड प्रारम्भ होने के बाद स्थिति और चिंताजनक हो गयी है। अत: यहाँ पर under pass or over bridge का निर्माण शीघ्र कराया जाना चाहिए। साथ ही सभी तरह के अतिक्रमण को हटाया जाना चाहिए ।



**बैठक में उपस्थित विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिगण एवं सदस्यगण**

- राज्य के वैसे शहर जहाँ जिला प्रशासन की ओर से सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़े मालवाहक वाहनों के परिवहन पर प्रतिबंध है। वैसे शहर में जब-तक बाईपास का निर्माण नहीं होता है तब-तक सड़क पर के सभी तरह के अतिक्रमण जैसे गलत पार्किंग, सड़क पर ठेला लगाकर या सड़क किनारे बैठकर सामानों की बिक्री आदि पर रोक लगाकर दिन में भी मालवाहक वाहनों का परिचालन किया जाना चाहिए।
- पटना शहर के ट्रान्सपोर्ट नगर में सड़कों की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है जिसके कारण वाहन पलट जाने पर व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अत: अविलम्ब ट्रान्सपोर्ट नगर के सड़कों को दुरूस्त किया जाना चाहिए।
- पथ निर्माण की प्रमुख समस्या भू-अर्जन एवं प्रदूषण है इसके लिए पथ निर्माण में जिन-जिन विभागों की सहभागिता होती है उन सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों की एक कमिटी का गठन कराया जाना चाहिए जिससे कि सड़क निर्माण में आने वाली सभी बाधााओं को एक साथ दूर किया जा सके ।
- राज्य में बालू एवं गिट्टी के परिवहन हेतु 12 चक्का के उपर वाले माल वाहक वाहनों को भी माल ढुलाई की अनुमति दी जानी चाहिए।

इस अवसर पर इस्टर्न बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के श्री अखिलेश कुमार, बिहार ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के श्री मदन भारद्वाज, पाटलिपुत्र सर्राफा संघ के अध्यक्ष श्री बिनोद कुमार, श्री आर0 पी0 सिंह, श्री एन0 के0 अग्रवाल, श्री राजेश जैन, श्री आलोक पोद्दार, श्री राम लाल खेतान, श्री दिलजीत खन्ना, श्री उत्पल सेन, श्री शशि मोहन, श्री सुबोध जैन, श्री राज कुमार सर्राफ एवं चैम्बर के उपाधयक्ष श्री एन0 के0 ठाकुर ने सड़क एवं पुल से संबंधित अपनी समस्याओं से माननीय पथ निर्माण मंत्री को अवगत कराया।

इस अवसर पर माननीय पथ निर्माण मंत्री ने चैम्बर द्वारा समर्पित ज्ञापन एवं सदस्यों द्वारा उठाये गये सभी बिन्दुओं पर क्रमवार उत्तर देते हुए बताया कि

दक्षिण बिहार से उत्तर बिहार जाने-आने में जो असुविधा है बहुत जल्द दूर किया जाएगा, पटना-गया-डोभी में 9 बाईपास दिया जा रहा है। वर्तमान में सड़कों के रख-रखाव के दो-तीन विभाग होने के कारण असुविधा हो रही है उसे एक किया जाएगा। पुल के रख-रखाव की नीति इसी वर्ष आ जाएगी, ''सुलभ सम्पर्कता'' के तहत अलटरनेट बाईपास पर काम चल रहा है, पटना का रिंगरोड समय पर पूरा होगा साथ ही राज्य के और शहरों यथा- मुजफ्फरपुर, आरा, दरभंगा एवं गया में भी रिंगरोड बनाने की योजना है।

उन्होंने बताया कि एनएच एवं एसएच पर होने वाली दुर्घटनाओं के स्थानों को चिन्हित करके ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है और उस पर काम हो रहा है ।

कार्यक्रम में माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन को चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने शॉल, मेंमेंटो एवं कॉफ़ी टेबुल भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री एन० के० ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी के साथ-साथ उपसमितियों के संयोजक श्री सुभाष कुमार पटवारी, श्री आलोक पोद्दार, श्री सुबोध कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य श्री पी० के० सिंह, श्री उत्पल सेन, श्री प्रदीप चौरसिया, श्री सुनील सराफ, श्री अजय गुप्ता, श्री राजेश माखरिया, श्री सावल राम ड्रोलिया, श्री आशीष शंकर, श्री आशीष प्रसाद एवं अन्य वरीय सदस्य सहित मिडियाकर्मी उपस्थित थे।

चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

## महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे के साथ चैम्बर की बैठक

**• व्यवसायियों की समस्याओं का होगा त्वरित निदान • मीठापुर आरओबी इसी साल होगा शुरू**

**• बिहार में रेलवे साइडिंग की संख्या बढ़ेगी, शेड भी विकसित होंगे • माल ढुलाई के लिए मिलेगी बेहतर सुविधाएं**

**• सभी उत्पाद को रेलवे के दायरे में लाना है – श्री अनुपम शर्मा, महाप्रबन्धक, पूमरे**

**• बिहार जैसे आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों की आर्थिक उन्नति के लिए राज्य की लंबित परियोजनाओं पर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाये – श्री पी० के० अग्रवाल, अध्यक्ष, बीसीसीआई**



महाप्रबंधक पूमरे श्री अनुपम शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल




महाप्रबंधक को मेमेन्टो भेंट करते चैम्बर अध्यक्ष। साथ में उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं महाप्रबंधक के सचिव श्री अमन राज



महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा को चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक भेंट करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल



महाप्रबंधक के सचिव श्री अमन राज को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 4 सितम्बर, 2021 को श्री अनुपम शर्मा, महाप्रबन्धक, पूर्व मध्य रेलवे के साथ रेलवे संबंधित समस्याओं पर गहन एवं विस्तृत चर्चा हेतु बैठक आयोजित हुई।

अपने स्वागत सम्बोधन में चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल ने कहा कि रेलवे किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में अवसंरचना का मुख्य आधार होता है। बिहार जैसे आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों के आर्थिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि राज्य की लंबित परियोजनाओं का कार्यारम्भ यथाशीघ्र हो तथा वैसे सुदूर क्षेत्रों में जहाँ अभी तक रेलवे की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है, उन क्षेत्रों को चिन्हित कर रेलवे की सुविधाएं प्रदान की जाये ताकि राज्य का विकास सम्भव हो सके।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि महाप्रबन्धक स्वयं ही बिहार की माल ढुलाई एवं यात्री सुविधाओं को बेहतरी प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, फिर भी बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से समर्पित ज्ञापन पर वे आशान्वित हैं कि बिहार के हित के आलोक में वे अपने स्तर से सुविधाओं



श्री सलिल कुमार झा, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूमरे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।



श्री संजीव कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, पूमरे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी



श्री दयानन्द, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, पूमरे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते चैम्बर कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल।




स्वागत संबोधन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। उनकी बाँयी ओर पूमरे के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा एवं उनके सचिव श्री अमन राज तथा दाँयी ओर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।

एवं समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र करायेंगे तथा जो सुविधाएं उनके स्तर की नहीं हो, उसकी अनुशंसा रेलवे बोर्ड से करेंगे ।

चैम्बर के रेलवे उप समिति के संयोजक श्री ए० के० पी० सिन्हा एवं सह-संयोजक श्री सुबोध कुमार जैन ने चैम्बर की ओर से एक विस्तृत ज्ञापन महाप्रबन्धक, पूर्व मध्य रेलवे को समर्पित किया जिसमें पूर्व मध्य रेलवे को माल ढुलाई की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने, नये रैक साइडिंग का निर्माण कराने, गुड्स शेड का निर्माण कराने, माल की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था कराने एवं डैमरेज चार्जेज पर लगने वाले दण्ड शुल्क को माफ करने के अतिरिक्त यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने, पूछताछ व सहायता सहित प्रमुख बिन्दु शामिल थे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक, पूर्व मध्य रेलवे श्री अनुपम शर्मा ने बैठक आयोजित करने हेतु चैम्बर के प्रति आभार जताया और कहा कि चैम्बर की ओर से ज्ञापन में जिन समस्याओं का जिक्र किया है एवं जो महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं उस पर मेरा प्रयास होगा कि उसका सकारात्मक हल निकाले।

उन्होंने आगे कहा कि **हंगरी फॉर कार्गो** की राह पर ही रेलवे चलता है। हमारी कोशिश है कि सिमेंट, लोहा आदि के साथ ही हर सामान भी रेलवे की दायरे में आये। स्टेशनों पर नई रैक साइडिंग का निर्माण भी हमारी प्राथमिकता में है, जिससे माल के लोडिंग-अनलोडिंग में बेहतर सुविधा मिले। माल की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम होंगे। वार्फेज चार्जेज पर लगने वाले दंड शुल्क को माफ करने के साथ यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के सुझाव पर उन्होंने कहा कि इसका सकारात्मक हल निकालने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा यदि रेलवे के पदाधिकारी आपके पत्रों का उत्तर नहीं देते हैं तो उसकी प्रति मुझे भेंजे, आपको उत्तर अवश्य मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुछ-कुछ अंतराल पर जब भी चैम्बर की ओर से बैठक का अनुरोध प्राप्त होगा, वे अवश्य बैठक हेतु समय देंगे।

उन्होंने कहा दानापुर गुड्स शेड की समस्या दूर की जायेगी। कंटेनर साइडिंग के विकास हेतु रेलवे बोर्ड से बात करेंगे। मीठापुर फ्लाई ओवर के बारे में कहा कि उसका कोई भी मैटर लंबित नहीं है, शीघ्र ही समाधान हो जायेगा।



बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिगण एवं चैम्बर के सदस्यगण

परिचर्चा में पूमरे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबन्धक, श्री सलिल कुमार झा ने कहा कि दानापुर गुड्स शेड के संबंध में मिली शिकायतों पर ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में एक रैक के खाली होने में 36 घंटे लगते थे लेकिन तय समय के बाद जुर्माना होने पर 12 घंटे में रैक खाली होने लगा। सकरी, रीगा, ढेंग, सरायगढ़, प्रतापगंज में बेहतर सुविधा मिलेगी। इन स्थानों पर शेड विकसित किया जा रहा है। दक्षिण बिहार के फतुहा के विकल्प के रूप में बेना को विकसित किया गया है। जहानाबाद के विकल्प के रूप में चाकंद और कुल्हड़िया को विकसित किया जा रहा है। हाजीपुर से सुगौली के बीच अन्य शेड भी खोले जायेंगे।

प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबन्धक, श्री संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मंडल में गुड्स शेड में 24 घंटा सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी मंडल रेल प्रबन्धक को दी गई है। गुड्स शेड डेवलपमेंट सुविधा का कार्य पहले पीपीपी मोड पर पॉच साल के लिए दिया जाता था। इसे बढ़ाकर दस साल कर दिया गया है ।

**बैठक में सदस्यों ने उठाये ये मुद्दे :** लखीसराय में यात्री सुविधाओं का आभाव, मॉनसून में पैनल डी०सी० क्यों लगा? फर्टिलाइजर को आवश्यक वस्तुओं में शामिल करें, दानापुर शेड्स की असुविधा को दूर किया जाये, पटना, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में गुड्स साइडिंग और शेड सुविधा विकसित हो, साइडिंग की मेंटेनेंस और मरम्मत हो, पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा, रक्सौल, छपरा, बिहारशरीफ में कंटेनर साइडिंग विकसित हो, डैमरेज शुल्क में सुविधा मिले, छपरा से पटना तक ट्रेन चले, स्पेशल ट्रेन की जगह अब सामान्य ट्रेनों का परिचालन हो।

उक्त अवसर पर पूमरे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबन्धक, श्री दयानन्द, महाप्रबन्धक के सचिव श्री अमन राज सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

बैठक में महाप्रबन्धक को चैम्बर अध्यक्ष ने मेमेन्टों एवं चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक भेंट किया।

कार्यक्रम में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष, श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, वरीय सदस्य श्री सुभाष कुमार पटवारी, श्री संजीव कुमार चौधरी, श्री पवन कुमार अग्रवाल, श्री आलोक पोद्दार, श्रीमती बंदना कुमारी, श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री प्रदीप चौरसिया, श्री सच्चिदानन्द, श्री विनोद कुमार, श्री विनोद कुमार पाठक, श्री अंकित चौधरी, श्री विवेक झुनझुनवाला, श्री आनन्द डालमिया, श्री दिनेश अग्रवाल, श्री रोहित भुवानियाँ, श्री ओम प्रकाश टीबड़ेवाल, श्री आशीष प्रसाद, श्री सांवल राम ड्रोलिया, श्री उत्पल सेन सहित काफी सदस्य एवं मीडिया बन्धु उपस्थित थे। श्री अमित मुखर्जी, महामंत्री के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

# भारतीय स्टेट बैंक के विशेष आमंत्रण पर चैम्बर प्रतिनिधिमंडल ने बैंकिंग सम्बन्धी विषयों पर चर्चा की



स्टेट बैंक सबंधित विषयों पर चर्चा करते स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक एवं अधिकारीगण तथा बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण।

भारतीय स्टेट बैंक के आमंत्रण पर स्टेट बैंक संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए दिनांक 15 सितम्बर, 2021 को एक बैठक भारतीय स्टेट बैंक के सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मुख्य महाप्रबन्धक श्री सुरेन्दर राणा के साथ-साथ, महाप्रबन्धक (नेटवर्क-II) श्री मृगणक जैन, उप-महाप्रबन्धक श्री रंजन कुमार नायक, उप-महाप्रबन्धक (SME) श्री सत्यप्रकाश, साहयक महाप्रबन्धक श्री सुनील कुमार तथा श्री विश्वजीत जी एवं बिहार चैम्बर ऑफ एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री विशाल टेकरीवाल, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष पटवारी, पूर्व महामंत्री श्री संजय खेमका एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय भरतीया सम्मिलित हुए।

बैठक काफी उपयोगी रही।

# जीएसटी के मुद्दे पर चैम्बर प्रतिनिधिमंडल माननीय उप मुख्यमंत्री से मिला



माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद को पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल। साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।



माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद के साथ जीएसटी संबंधी समस्याओं पर विमर्श करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।

दिनांक 7 सितम्बर 2021 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी० के० अग्रवाल के नेतृत्व में चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद से मिला और दिनांक 17 सितम्बर, 2021 को जीएसटी काउंसिल की प्रस्तावित बैठक में जीएसटी संबंधित विभिन्न विषयों पर उनका ध्यान आकृष्ट किया तथा सुझाव भी दिया ताकि उन बिन्दुओं का समाधान निकल सके। इस हेतु चैम्बर ने विस्तृत ज्ञापन भी समर्पित किया। ज्ञापन में जीएसटी ट्रिब्युनल का गठन, निबन्धन को सहज बनाने, इनपुट टैक्स क्रेडिट में आ रही समस्याओं को दूर करने, रिटर्न में हो रही परेशानी, जीएसटीआर-1 फाइल करने के लिए सुधार का विकल्प देना आदि प्रमुख बिन्दु थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के विभिन्न मुद्दों

पर भी माननीय उप मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ विमर्श हेतु माननीय उप मुख्यमंत्री से चैम्बर आने का आग्रह भी किया।

प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, महामंत्री श्री अमित मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री आलोक पोद्दार, श्री सुनील सराफ, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय एवं श्री अजय गुप्ता शामिल थे।

# सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स का 'इंस्टालेशन सेरेमनी' संपन्न



**सुपौल चैम्बर के स्थापना समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते बिहार चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, डिविजनल चैम्बर दरभंगा के अध्यक्ष श्री पवन कुमार सुरेका, नार्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर, कटिहार के अध्यक्ष श्री बिमल सिंह बेंगानी, सुपौल चैम्बर के अध्यक्ष श्री धमेन्द्र सिंह 'पप्पू', निर्मली चैम्बर के अध्यक्ष श्री अभिषेक पंसारी। साथ में सुपौल चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष श्री अरविन्द ठाकुर एवं व्यापार मंडल सुपौल के सचिव श्री युगल किशोर अग्रवाल।**

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स का दिनांक 03 अक्टूबर 2021 को 'इंस्टालेशन सेरेमनी' स्थानीय होटल के सभागार में संपन्न हुआ। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल विशेष आमंत्रण पर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर के पूर्व महामंत्री श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय कुमार गुप्ता एवं श्री ए. एम. अंसारी शामिल थे। इस कार्यक्रम में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। इस अवसर पर डिविजनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स, दरभंगा के अध्यक्ष श्री पवन कुमार सुरेका, नार्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कटिहार के अध्यक्ष श्री बिमल सिंह बेंगानी, निर्मली चैम्बर ऑफ कॉमर्स, निर्मली के अध्यक्ष श्री अभिषेक पंसारी, बिल्डर्स एसोसिएशन, पटना के श्री नीरज जैन एवं व्यापार मंडल, सुपौल के सचिव श्री युगल किशोर अग्रवाल भी आमंत्रित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉ० बिजय शंकर चौधरी एवं श्री गोविन्द अग्रवाल द्वारा बूके प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री अरविन्द ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि चैम्बर व्यवसायियों की समस्याओं को दूर करने का एक सशक्त प्लेटफार्म है। इसके द्वारा हम अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने चैम्बर के क्रियाकलाप एवं मजबूती पर जोर दिया। सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के गठन पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस क्षेत्र के व्यवसायिक हितों की रक्षार्थ सुपौल चैम्बर अहम भूमिका निभाएगा।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज हर संभव मदद करने को तैयार है। सुपौल चैम्बर अधिक से अधिक व्यवसायियों को अपने साथ जोड़े। उन्होंने सुपौल चैम्बर के नए पदाधिकारियों को




**बिहार चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन को मेमेन्टो प्रदान कर सम्मानित करते सुपौल चैम्बर के पदाधिकारी**




**कार्यक्रम को संबोधित करते बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन तथा मंचासीन सुपौल चैम्बर के पदाधिकारीगण एवं अतिथिगण।**

शुभकामनाएं भी दीं।

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के गठन में श्री धर्मेन्द्र सिंह 'पप्पू' को अध्यक्ष, श्री ललन जायसवाल को सचिव, श्री मुकेश जैन एवं श्री कुणाल कुमार को उपाध्यक्ष, श्री




सुपौल चैम्बर के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह 'पप्पू' को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से मेमेन्टो भेंट करते चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।



सुपौल चैम्बर के पदाधिकारियों के बीच बिहार चैम्बर की ओर से चैम्बर बुलेटीन की प्रतियाँ वितरित करते चैम्बर प्रतिनिधिमडल के सदस्यगण।

मुकेश अग्रवाल को उप-सचिव तथा श्री सोनू अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के नवमनोनीत अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह 'पप्पू' ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा स्लोगन है – 'वाइस ऑफ ट्रेड'। इसी को चरितार्थ करते हुए विभिन्न व्यवसाय से जुड़े जिले के व्यवसायियों की समस्याओं को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से उचित माध्यम तक पहुंचायेंगे और समाधन करेंगे।

चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन ने सुपौल चैम्बर के अध्यक्ष को एक मेमेंटो एवं कॉफ़ी टेबुल बुक एवं चैम्बर बुलेटिन की प्रतियाँ भेंट की।

सुपौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से बिहार चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन को भी मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल निर्मली चैम्बर ऑफ कॉमर्स भी गया और निर्मली चैम्बर के अध्यक्ष श्री अभिषेक पंसारी को चैम्बर का कॉफ़ी टेबुल भेंट किया।



निर्मली चैम्बर के पदाधिकारी को बिहार चैम्बर का कॉफी टेबुल बुक भेंट करते उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता पर विशेष (77वीं) बैठक एवं 78वीं त्रैमासिक बैठक में चैम्बर महामंत्री श्री अमित मुखर्जी शामिल हुए



एसएलबीसी की बैठक मे सम्मिलित चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी (बाँये से दूसरे)।




एसएलबीसी की बैठक को संबोधित करते माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद। उनकी बाँयी ओर माननीय उद्योग मंत्री श्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन एवं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार एवं अन्य।

दिनांक 16 सितम्बर 2021 को माननीय उप-मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता पर विशेष (77वीं) बैठक एवं 78वीं त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई।

उक्त बैठक में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी सम्मिलित हुए।

# इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन समारोह



मेगा ट्रेड फेयर का फीता काटकर शुभारंभ करते माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन, माननीय सांसद (लोकसभा) श्रीमती रमा देवी एवं बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल एवं अन्य।




मेगा ट्रेड फेयर का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।



बिहार चैम्बर के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल को शॉल भेंट कर सम्मानित करते बंगाल चैम्बर के पदाधिकारी। साथ में माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन एवं माननीय महापौर पटना श्रीमती सीता साहू।



मंचासीन (दाँय से बाँये) माननीय सांसद श्रीमती रमा देवी, माननीय महापौर पटना श्रीमती सीता साहू, माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन एवं बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।




कार्यक्रम को संबोधित करते बिहार चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।

बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 'इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर' का उद्घाटन समारोह दिनांक 08 अक्टूबर 2021 को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित हुआ। इस मेगा ट्रेड फेयर का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज

हुसैन, माननीया सांसद, लोक सभा श्रीमती रमा देवी, पटना की माननीया महापौर श्रीमती सीता साहू एवं बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने किया। यह मेला 18 अक्टूबर 2021 तक चलेगा।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का यह प्रयास काफी सराहनीय है। लगातार पांच वर्षों से यह मेला पटना में आयोजित हो रहा है।

इस मेले में भारत के कई राज्यों सहित विश्व के 10 देश के उद्यमी एवं व्यवसायी शामिल हैं। व्यापार की दृष्टि से यह आयोजन उद्योग–व्यापार के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल को इस अवसर पर शॉल भेंट कर बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ



प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना पर प्रकाश डालते माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन।



कार्यक्रम में उपस्थित चैम्बर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत नेशनल मास्टर प्लान का माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2021 को शुभारंभ रिमोट का बटन दबाकर दिल्ली में किया गया जिसका सीधा प्रसारण उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थानीय अधिवेशन भवन, पटना में किया गया। इस आयोजन के अवसर पर उद्योग विभाग द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गयी थी। कार्यशाला का उद्घाटन माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन द्वारा किया गया।

माननीय उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के नेशनल मास्टर प्लान के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 100 लाख करोड़ की इस योजना का उपयोग देश में रोजगार के अवसर को बेहतर बनाने के लिए किया जायेगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ऐसी व्यवस्था इस नेशनल मास्टर प्लान के तहत दे रहे हैं जिसमें देश के सभी राज्य एवं वहाँ की योजनायें भी इससे जुड़ जायेंगी।

माननीय उद्योग मंत्री ने बताया कि बिहार से निर्यात संवर्धन हेतु DGS&D का ऑफिस पटना में खोलने की मांग उन्होंने केंद्र सरकार से की है।

इस कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, श्री पशुपतिनाथ पाण्डेय, श्री सुभाष कुमार पटवारी, श्री ए. के. पी. सिन्हा, श्री आशीष प्रसाद एवं अन्य सम्मिलित हुए।

## व्यावसायी की हत्या के विरोध में रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक से मिला

रक्सौल के प्रमुख व्यापारी एवं समाजसेवी कपिल देव सर्राफ एवं उनके पौत्र की हत्या से बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज चिंतित है। इस हत्या की निष्पक्ष जॉच एवं अपराधियों की गिरफ्तारी तथा व्यावसायियों की सुरक्षा हेतु रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष श्री अरूण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दिनांक 16.9.2021 को रक्सौल के नव नियुक्त अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक श्री चन्द्र प्रकाश से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा तथा सुरक्षा के विभिन्न पहलूओं पर यथा पूरे बाजार में CCTV लगाने, जाम से मुक्ति हेतु One Way लागू करने सहित कई मुद्दों पर बात की।

अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक ने रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स को सकारात्मक आश्वासन दिया है कि व्यावसायियों के हित में निश्चित रूप से कार्य किया जायेगा।

रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का यह कार्य सराहनीय है।



अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक, रक्सौल से वार्त्ता करते रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स समस्तीपुर जाम की समस्या से निदान हेतु सदर एसडीओ से मिला

शहर में जाम की समस्या से निदान हेतु चैम्बर ऑफ कॉमर्स समस्तीपुर के सचिव श्री पारस जैन अन्य प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 09 सितम्बर 2021 को सदर एसडीओ श्री आर. के. दिवाकर से मिले और उन्हें ज्ञापन सौपा।

सदर एसडीओ ने नगर आयुक्त एवं आरसीडी के इंजिनियर एवं चैम्बर के सदस्यों से विचार–विमर्श किया और पूर्व की तरह शहर में वन–वे व नो–इंट्री का हर हाल में कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया साथ ही मुख्य बाजारों में हर जगह सड़क के दोनों ओर सब्जी की दुकान हटाने का भी निर्णय लिया। स्थाई दुकानदारों से भी कहा कि अपने सामने सब्जी की दुकानें नहीं लगने दे।

चैम्बर ऑफ कॉमर्स समस्तीपुर का यह प्रयास सराहनीय है।



समस्तीपुर के सदर एसडीओ से मिलकर वार्ता करते चैम्बर ऑफ कॉमर्स समस्तीपुर का प्रतिनिधिमंडल।

**Government of India**
**Ministry of Finance**
**Department of Revenue**
**Central Board of Direct Taxes**

New Delhi, 17th September, 2021

PRESS RELEASE

**Government extends certain timelines to ease compliances**

The Central Government, in continuation of its commitment to address the hardship being faced by various stakeholders on account of the Covid-19 pandemic, has, on consideration of representations received from various stakeholders, decided to extend timelines for compliances under the Income-tax Act, 1961 (hereinafter referred to as "the Act") in the following cases, as under :

- Time limit for intimation of Aadhaar number to the Income tax Department for linking of PAN with Aadhaar has been extended from **30th September, 2021 to 31st March, 2022.**
- The due date for completion of penalty proceedings under the Act has also been extended from **30th September, 2021 to 31st March, 2022**

Further, the time limit for issuance of notice and passing of order by the Adjudicating Authority under the Prohibition of Benami Property Transactions Act, 1988 has also been extended to **31st March, 2022**.

Notification no. 113 of 2021 dated 17th September, 2021 has been issued in this regard and can be accessed at www.incometaxindia.gov.in.

(Surabhi Ahluwalia)
Commissioner of Income Tax
(Media & Technical Policy)
Official Spokesperson, CBDT

**MINISTRY OF FINANCE**
**(Department of Revenue)**
(CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES)
**NOTIFICATION**
New Delhi, the 17th September, 2021
**INCOME TAX**

**S.O. 3815(E).**— In exercise of the powers conferred by sub-section (IF) of section 197A of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961). the Central Government hereby notifies that no deduction of tax shall be made on the following payment under section 194A of the said Act, namely payment in the nature of interest, other than interest on securities, made by a scheduled bank (hereinafter the "payer") located in a specified area, to a member of scheduled Tribe (hereinafter the "receiver") residing in any specified area, as referred to in clause (26) of section 10 of the said Act, subject to the following conditions:

(i) the payer satisfies itself that the receiver is a member of Scheduled Tribe residing in any specified area, and the payment as referred above is accruing or arising to the receiver as referred to in clause (26) of section 10 of the said Act, during the previous year relevant for the assessment year in which the payment is made, by obtaining necessary documentary evidences in support of the same:

(ii) the payer reports the above payment in the statement of deduction of tax as referred to in sub-section (3) of section 200 of the said Act;

(iii) the payment made or aggregate of payments made during the previous year does not exceed twenty lakh rupees.

***Explanation :-*** For the purposes of this notification, the expression "scheduled bank " shall have the same meaning as assigned to it in clause (e) of section 2 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2of 1934).

2. This notification shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

[Notification No. 110/2021/F.No. 275/27/2021-IT (B) ]
ARVIND KUMAR MISHRA, Under Secy.

PT.GPO/R-10/NP-15/2017-19 R. N. 4211/62

# कोरोना संक्रमण की विषम परिस्थिति में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर 'मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार' में विशेष योगदान देने वाले सदस्य चैम्बर की 94वीं वार्षिक समारोह में सम्मानित

कोरोना वायरस (Covid-19) के बढ़ते संक्रमण की विषम परिस्थिति में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर **'मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार'** में जिन सदस्यों ने 6 अंकों की राशि का विशेष योगदान देकर बिहार चैम्बर का मान -सम्मान बढ़ाया है, उन्हें चैम्बर के 94वीं वार्षिक समारोह के अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए माननीय उप-मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन द्वारा चैम्बर का सम्मान वाला मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।



श्री एस. के. अग्रवाल, मे० स्पीडक्राफ्ट इन्फ्राटेक प्रा० लि०, पटना को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित करते माननीय उप-मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन।



श्री एस. के. पटवारी, मे० पटवारी स्टील्स प्रा० लि०, पटना को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित करते माननीय उप-मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन।



श्री संजय कुमार खेमका, मे० पाईनेक्स स्टील इंडस्ट्रीज प्रा० लि०, पटना को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित करते माननीय उप-मुख्यमंत्री, बिहार श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय उद्योग मंत्री, बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन।



**श्री सुमित कुमार**
पटना

**चैम्बर के 94वीं वार्षिक समारोह में निम्नांकित सदस्यों/संस्थाओं के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने कोरोना संक्रमण की विषम परिस्थिति में चैम्बर के आग्रह पर अपना सहयोग 'मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार' में दिया :-**

1. **श्री विनोद कुमार पाठक**
   मार्बल, टाइल्स एंड ग्रेनाइट व्यवसायी कल्याण समिति, पटना
2. **श्री बेनी प्रसाद खेमका**
   मे० खेमका मेडिकल एजेंसीज, सहरसा
3. **श्री जे. के. झुनझुनवाला**
   मे० श्री एस.के. इंडस्ट्रीज, पटना
4. **श्री नीरज कुमार खेमका**
   मे० नीरज ट्रेडिंग कंपनी, पूर्णिया
5. **श्री प्रदीप कुमार बोहरा**
   मे० कृष्णा वेयर हाउसिंग एंड ट्रेडिंग कंपनी, पटना

## EDITORIAL BOARD

Editor
AMIT MUKHERJI
Secretary General

Convenor
RAMCHANDRA PRASAD
Library & Bulletin Sub-Committee

Printer & Publisher
A. K. DUBEY
Dy. Secretary

Khemchand Chaudhary Marg, Patna - 800 001 • Ph. : 2677605, 2677635 • Fax No. : 0612-2677505
E-mail : bccpatna@gmail.com • Website : www.biharchamber.org

Designed & Printed by : Sharada Enterprises, Ph. : 0612-2667296